Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Email: fdptr@rediffmail.com, fdptr82@gmail.com

Ph: +917732252135 (O) & **Fax:** +917732252120

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

मड़ला परिक्षेत्र में जंगली सुअर का शिकार

दिनांक 19.2.2013 को परिक्षेत्र मड़ला के बीट मड़ला कक्ष क्रमांक 228 में स्थित सब्दुआ नाला के पास गश्ती के दौरान जंगली सुअर का मौके पर शिकार होना पाया गया। मौके पर अज्ञात अपराधियों के द्वारा जंगली सुअर को नाले के किनारे पेंड के सहारे काट कर मांस निकाल

कर ले गये। आधे से अधिक जंगली सुअर के अवेशेष को नजदीक में ही दफनाने की चेष्टा की है। यह कार्यवाही संभवतः 02.02.2013 को सुबह होना पाया गया है। तत्काल जिला पुलिस की मदद से मौके पर स्नीफर डाग की मदद से मौके की तलाशी ली गई जो कि सीधे–सीधे पार्क में कार्यरत मड़ला गांव के निवासी श्री कल्लू रैकवार नामक एक व्यक्ति की

दुकान व घर पर पहुंचा है। जिससे बात स्पष्ट हुई कि शिकार करने के उपरान्त मसाला आदि खरीदने हेतु सम्बन्धित व्यक्ति उस दुकान में पहुंचे हैं। वन विभाग के जबलपुर डाग स्क्वायड के बुलाये गये स्नीफर डाग की मदद से सुराग श्री महेन्द्र यादव के खेत में व श्री धनीराम पाल के घर में पहुंचा है, जिससे शिकार के प्रकरण में अगले कड़ी से जोड़ा जा सके। मौके पर की गई सर्च कार्यवाही में ऐसा कुछ सुराग नहीं मिला है। शिकार का प्रकरण पी.ओ.आर. क्रमांक 599/12 दिनांक 19.2.2013 से अज्ञात में दर्ज कर प्रकरण विवेचना में जारी है। नियमानुसार स्नीफर डाग के तहत मड़ला गांव में की गई कार्यवाही को लेकर कुछ लोग धरना प्रदर्शन किये हैं। इस प्रकरण में जन सहयोग से आरोपी को पकड़ने हेतु डा0 रघु चुण्डावत स्वप्रेरणा से पहल की है, जिसका विभाग स्वागत करता है।

'' जय हिन्द, जय भारत ''

दिनांक – 20.2.2013

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना